श्री बंगारू लक्ष्मण: नहीं।

उपसभापति: पहले तेलुगु में बोले तो झगड़ा हुआ। ...**(व्यवधान)** आप ऐसी जबान में बोलिए जिसमें कि झगड़ा नहीं हो।

श्री बंगारू लक्ष्मण: हम झगड़ा नहीं करावायेंगे।

उपसभापति: बोलिए।

श्री बंगारू लक्ष्मण: महोदया, यह विशेष सत्र आजादी की स्वर्ण जयन्ती के उपलक्ष्य में हो रहा है और पिछले 50 साल का लेखा-जोखा हम लोग ले रहे हैं। आजादी के लिए जिन नेताओं ने और जिन लोगों ने लड़ाई लड़ी थी उनके सामने एक सुन्दर सा सपना था। जब आजादी की लड़ाई चल रही थी तो उस समय अंग्रेजों ने यह कहा था कि कुछ सीमित आजादी आपको देंगे। सीमित क्षेत्र के अंदर आपको हम शासन का, प्रशासन का दायित्व देंगे। लेकिन उन दिनों नारा चला कि हमें संपूर्ण स्वराज्य चाहिए, पूर्ण आजादी चाहिए। वर्ष 1947 में जब देश आजाद हुआ तो स्वाभाविक है इस देश के अन्य-अन्य वर्गों के अंदर, समाज के भिन्न-भिन्न वर्गों के अंदर निश्चित रूप से बहुत आशा जगी थी कि आजादी के बाद हमारी समस्याएं हल हो जाएगी। महोदया, आजादी की लड़ाई के साथ एक और भी काम साथ-साथ चल रहा था, वह सामाजिक परिवर्तन के लिए था, सामाजिक दृष्टि से भी एक आंदोलन चल रहा था, हरिजन उद्धार के नाम से महात्मा गांधी जी एक तरफ कोशिश कर रहे थे, बाबा साहेब अम्बेडकर दलितों के हक के लिए आंदोलन कर रहे थे। इस प्रकार आजादी की लड़ाई के साथ-साथ अनुसूचित-जाति, जनजाति के लोगों को बाकी समाज के साथ जोड़ने के लिए, उनकी समस्याओं के प्रति सारे समाज को जागरूक करने के लिए भी कोशिश चल रही थी। इसलिए उन दिनों यह जो काम होता था, उस को कोई इस प्रकार से नहीं लेता था कि यह किसी के खिलाफ है और अन्य लोगों के साथ-साथ आजादी की लड़ाई में अनुसूचित जाति और जनजाति के कई लोगों ने कुर्बानियां दी हैं। उस लड़ाई में उन्होंने भी शिरकत की है। फिर सारा अनुसूचित जाति

समाज, जो कि 1991 की जनगणना के हिसाब से देश की आबादी का 25 प्रतिशत बनता है, उसके मन में बहुत-सी आशाएं थीं कि थोड़े ही दिनों के अंदर कुछ काया-पलट हो जाएगा। महोदया, यह स्वाभाविक था क्योंकि जब संविधान ने 10 साल के लिए आरक्षण की बात की थी तो इसी बात को ध्यान में रखकर की थी कि 10 साल के अंदर बहुत कुछ परिवर्तन हो जाएगा और अगर कुछ शेष रहा तो उसके बाद 10 साल बढ़ाकर इस कार्य को किया जा सकता है। यह ठीक है कि 10 साल का जो प्रावधान था वह केवल राजनीतिक आरक्षणों के लिए था, बाकी चीजों के लिए इस प्रकार की कोई कालावधि नहीं थी, लेकिन इस के बावजूद यह तथ्य भी उस में से निकलता था कि जिस दिन राजनीतिक आरक्षण समाप्त हो जाएंगे, बाकी सब काम ढीले पड़ जाएंगे और वे समाप्ति की कगार पर रहेंगे। इसीलिए राजनीतिक आरक्षण जिस के लिए 10 साल का समय दिया गया था, मुद्दत बना दी गयी थी, उसी के अंतर्गत इन चीजों को भी समाप्त करने की बात चल रही थी। इसीलिए इस 25 प्रतिशत समाज में यह आशा थी कि उन के साथ जो कुछ भेदभाव होता था, सामाजिक विषमताएं होती थीं, उन सब से उन्हें मुक्ति मिलेगी। उन के मन में एक आशा थी कि उन्हें यह जो राजनीतिक आजादी है, वह आर्थिक आजादी दिलाएगी, उन्हें गरीबी से आजादी दिलाएगी, उन्हें भूख और अशिक्षा से भी आजादी दिलाएगी और सब से बढ़कर सामाजिक विषमताओं से भी आजादी दिलाएगी।

महोदया, मैं आज सुबह से माननीय सदस्यों के भाषण सुन रहा था और हमारे संविधान में सही प्रकार से संकेत दिया गया है, कहा गया है कि यह "सोशल ट्रांफार्मेशन" का एक इफेक्टिव साधन है, एक बहुत जबर्दस्त साधन सामाजिक परिवर्तन का इस संविधान के अंदर है और संविधान की अलग-अलग धाराएं निश्चित रूप से समाज को परिवर्तन की दिशा में ले जाने के लिए बहुत सहायक होंगे। इस प्रकार की स्थिति थी, लेकिन आज क्या देखने को मिलता है? क्या सामाजिक विषमताएं समाप्त हो गई हैं? आज हमें पढ़ने को मिलता है, देखने को मिलता है कि अस्पृश्यता जिसे हमने फंडामेंटल आर्टिकल 17 के अंतर्गत समाप्त किया है और उस को रोकने के लिए कानून भी 1955 और 1989 में बनाया है। किन्तु यह रुकता नहीं दिखता है। इसके अलग-अलग रूप बन गए हैं और यह रूपांतरण हो गया है। अभी भी अनेक प्रकार की अस्पृश्यता की घटनाएं और छुआछूत की भावना सारी तरफ देश में देखने को मिलती है। इस अस्पृश्यता के खिलाफ, इन सामाजिक विषमताओं के खिलाफ, जिस प्रकार की आजादी के दिनों में एक लड़ाई, एक जद्दोजहद उन स्वतंत्रता सेनानियों में दिखाई पड़ती थी, आज वह दिखाई नहीं देती है। हमें विचार करने की आवश्यकता है, जब हम पिछले पचास साल का लेखाजोखा देख रहे हैं तो, कि यह क्यों लुप्त होती जा रही है, इस प्रकार की दृष्टि क्यों समाप्त होती जा रही है? आज तो यह बात सामने आ रही है कि इनके लिए कितने दिनों तक इस प्रकार की व्यवस्था चलती रहेगी, कितने दिनों तक इस प्रकार के आरक्षण चलते रहेंगे, कितने दिनों तक इस प्रकार सुविधाएं इनको दी जाती रहेंगी। यह बातें आज बहुत सुनने को मिलती हैं।

महोदया, जैसा कि आपको मालूम है, वर्ष 1947 में जब हमारा देश आजाद हुआ तो देश का बंटवारा भी हुआ। कुछ पश्चिमी पाकिस्तान से, कुछ पूर्वी पाकिस्तान से बड़ी संख्या में वहां से हिंदू और बाकी कुछ लोग इस देश में शरणार्थी के रूप में आए। बर्मा से भी कुछ आए थे और बाद में श्रीलंका से भी कुछ आए थे। यह जो लोग इस देश में आए थे, उन शरणार्थियों को बसाने के लिए, उनके पुनर्वास के लिए, उनके रिहेब्लिटेशन के लिए सरकार ने एक रिहेब्लिटेशन मिनिस्टरी बनाई थी। कुछ लाख लोग बाहर से आए थे और उन सबको बसाने की दृष्टि से एक अच्छा कदम उठाया गया था कि रिहेब्लिटेशन मिनिस्टरी बनी और उस मिनिस्टरी ने अपना काम किया। बीस साल के बाद हम देखते हैं कि कोई भी इस प्रकार का शरणार्थी बचता नहीं, सब इस देश की मुख्य धारा में और इस देश के जीवन के सभी मंचों के अंदर वह आ जाते हैं। इस प्रकार की स्थिति बनती है कि बीस साल बाद कोई रिहेब्लिटेशन करना है इस प्रकार की कोई स्थिति बाकी नहीं रहती। यहां इस देश में कुछ लाख लोग बेघर होकर आए तो उनके लिए रिहेब्लिटेशन मिनिस्टरी बनी, लेकिन हजारों सालों से जो समाज बेघर है, जिनको गांव के बाहर रखा गया है, समाज की मुख्य धारा से अलग-थलग रखा गया है उनको बसाने की दृष्टि से, उनको रिहेब्लिटेट करने की दृष्टि से या उनको देश की मुख्य धारा में लाने की दृष्टि से सरकार ने कोई अलग से मंत्रालय बनाने की आवश्यकता नहीं समझी। जबकि अलग से विशेष कदम उठाने की आवश्यकता थी, वह नहीं हुआ। आज कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत इनका काम होता है। कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत अनेकों विषय हैं, केवल यही एक विषय नहीं है। उसके पास अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कल्याण की बात ही नहीं है, उसके पास माइनोरिटी का भी है, ओ०बी०सीज० का भी है, बच्चों का भी है, माताओं का भी है, स्त्रियों का भी

है, हेडिकैप्ट का भी है, इस प्रकार के सब जो विषय हैं वह उसके पास है और उसी में अनुसूचित जाति का विषय भी जोड़ दिया गया है। तो क्या कम से कम आज इसकी आवश्यकता नहीं है? समस्या की गंभीरता को देखते हुए विचार होना चाहिए। एक तरफ अगर आप देखेंगे तो आज भी जो सरकारी लेटेस्ट आंकड़े हैं, उसके हिसाब से अनुसूचित जाति के 53 प्रतिशत लोग अभी भी गरीबी रेखा के नीचे रहते हैं, जिनको दो वक्त का खाना नहीं मिलता है, जो अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज सकते हैं। अगर आप स्कूल में ड्राप-आऊट देखें, स्कूल में एनरोलमेंट का देखें तो बहुत कम संख्या में एनरोलमेंट के लिए जाते हैं और जो जाते हैं वे भी पूरी शिक्षा होने तक रुके नहीं रहते हैं। इस प्रकार की स्थिति आज देश के अंदर है। उनकी सुविधाओं को अगर आप देखेंगे तो जो छोटी-छोटी सुविधाएं हैं, जैसे स्वच्छ पीने के पानी की,बिजली की, प्रसाधन की, टायलेट की, वह भी सारे शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब के लोगों को उपलब्ध नहीं है। यह इतनी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, पचास वर्षों के हमारे प्रयासों के बाद भी। एक तरफ तो यह कहा जाता है कि हमारी आठ-नौ पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत हमने लगभग एक लाख करोड़ रुपया इन अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण के लिए खर्च किया है, लेकिन फिर भी ऐसी स्थिति क्यों बनी है? इसको देखना है।

महोदया, अगर आप साक्षरता का भी परसेंटेज देखेंगे तो जहां नेशनल एवरेज 52.71 प्रतिशत बनता है वहीं शेड्यूल्ड कास्ट का केवल 37 प्रतिशत बनता है। देश के बड़े-बड़े राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, जहां पर कि बहुत भारी संख्या में अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं, वहां तो महिलाओं की शिक्षा का स्तर, लिट्रेसी रेट जो है वह केवल 10 प्रतिशत मात्र है।

उपसभापति: बंगारु जी, आपकी पार्टी का तो टाइम खत्म हो गया था, फिर भी क्योंकि आपको जाना था, तो मैंने आपको बुलवा लिया। अब आप समाप्त कीजिए।

श्री बंगारू लक्ष्मण: मैं दो मिनट में समाप्त कर रहा हूं।

महोदया, इसलिए इस प्रकार की जो स्थिति बन रही है, इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कहीं न कहीं गड़बड़ हो रही है। सरकार नीतियां बना रही है, यह पार्लियामेंट कानून बना रही है, लेकिन इन नीतियों और कानूनों पर अमल कराने की दृष्टि से जिस प्रकार का सहयोग प्रशासन से मिलना चाहिए, जिस प्रकार का वातावरण सारे देश में बनना चाहिए, वह बन नहीं पा रहा है। इसकी तरफ सबको ध्यान देने की आवश्यकता है, इस पर विचार करने की आवश्यकता है। अब प्रशासन कैसे ध्यान नहीं दे रहा, इस बारे में मैं केवल एक उदाहरण आपके सामने प्रस्तुत करना चाहता हूं।

महोदया, इस सदन में 77वां संविधान संशोधन पास किया। मंडल कमीशन के अंतर्गत जो सुप्रीम कोर्ट में केस गया था और सुप्रीम कोर्ट ने प्रमोशन के अंदर शैडयूल्ड कास्ट के रिज़र्वेशन को समाप्त करने की बात कही थी। अब उसको ठीक करने की दृष्टि से सदन ने एक अच्छा कदम उठाया था और बिना डिस्कशन के सर्वसम्मति से 77वां संविधान संशोधन पास हुआ था जून, 1995 के अंदर। इसका नोटिफिकेशन नहीं हुआ, ब्यूरोक्रेसी ने नोटिफिकेशन नहीं किया। अब इस महीने की 13 तारीख को इसका नोटिफिकेशन हुआ और 13 तारीख को जब नोटिफिकेशन हुआ तो उन्होंने कहा कि जो पुराना रिज़र्वेशन प्रमोशन के अंदर चलता था, उसी के अनुसार चलेगा। इसका मतलब यह हुआ कि पुरानी पद्धति के अंतर्गत जो ग्रुप 'ए' सर्विस का लोएस्ट अधिकारी होता था, वहां तक तो यह प्रमोशन की सुविधा दी जाती थी, लेकिन इस संसद ने जो कांस्टीट्यूशनल अमेंडमेंट पास किया है, वह बहुत व्यापक है और सर्वग्राही है। यहां पर मैं उस प्रोविज़न को पढ़कर बताता हूं:—

> "Nothing in this article shall prevent the State from making any provision for reservation in matters of promotion to any class or classes in the services under the State Government in favour of Scheduled Castes and Scheduled Tribes."

बिल्कुल साफ है। इसका मतलब यह है कि क्लैक्टर्स के अंदर, क्लास-I आफिसर्स के अंदर जितना प्रतिनिधित्व इनका होना चाहिए, अगर नहीं है तो वह प्रतिनिधित्व देने की बात इस 77वें संशोधन के अंदर की गई है। इसको क्यों इग्नोर किया गया? इसके अंदर प्रशासन की क्या दिलचस्पी हो सकती है और उसको करटेल करके सरक्युलेट करने की क्या आवश्यकता थी?... मेरा यह कहना है कि केवल एडमिनिस्ट्रेटिव ही नहीं, बाकी सब जगह भी इस प्रकार की समस्या है। इसकी तरफ हमें ध्यान देने की आवश्यकता है। सबसे बड़ी आवश्यकता यह हो रही है कि इन योजनाओं को अमल कराने के लिए जो मशीनरी हमको आज उपलब्ध है, वह पर्याप्त नहीं है। जिलों के अंदर हमारे जिला कलैक्टर हैड होते हैं। जिले के जितने कल्याणकारी या इक्नॉमिक फ्रंट के

अंदर जितने प्रोग्राम चलते हैं, वे चेयर करते है, चेयरमैन होते हैं, उनके लिए उनके पास समय नहीं है। ला एंड ऑर्डर से लेकर हरेक चीज उनको देखनी पड़ती है और दुनिया की सारी जिम्मेदारियों के साथ-साथ इसको भी निभाना पड़ता है। मेरा यही कहना है कि जहां अलग मंत्रालय की आवश्यकता है, वहीं पर अलग प्रशासनिक ढांचे की भी आवश्यकता है। मैं समझता हूं कि आजादी की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर अगर इन सबको ठीक करना हो तो इन बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश): मोहतरमा उपसभापति महोदया, जब हम अपने देश की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं तो इस संबंध में संसद के इस विशेष सत्र का आयोजन हमें ऐसे अवसर प्रदान कर रहा है कि हम सबसे पहले उन महान स्वतंत्रता सैनानियों के प्रति श्रद्धापूर्वक नमन करें जिन्होंने इस देश को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी।

दूसरा अवसर हमें यह मिल रहा है कि जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारी जनता के प्रति कुछ जवाबदेही हुआ करती है और जनता हमसे क्या अपेक्षा करती है, इस बारे में हम विचार-मंथन करें। तीसरा अवसर हमें इस बात को जानने का मिल रहा है कि हमारा देश जब गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था, तब देश की स्थिति क्या थी और आज देश की स्थिति क्या है, इसका हम मूल्यांकन करें और यह देखें कि हमारा देश भविष्य में मजबूत बने, खुशहाल बने, सुदृढ़ बने, इसके लिए हमारे पास भविष्य की क्या योजनाएं हैं।

महोदया, हम जन-प्रतिनिधियों की ओर देशवासी बड़ी आशा भरी नज़रों से देख रहे हैं। यह एक प्रश्नवाचक चिह्न बन गया है कि हम कैसा भारत चाहते हैं? हम एक ऐसा भारत चाहते हैं जिसमें सांप्रदायिक जातीयता और धर्मांधता की बू न हो, एक ऐसा भारत जिसमें सांप्रदायिक सद्भाव और भाईचारा हो, शांति और सहिष्णुता हो, एक ऐसा भारत जिसमें पुरुष और महिलाएं समान हों, एक ऐसा भारत जिसका नाम विदेशों में गौरव के साथ लिया जाता रहे। महोदया, ऐसा भारत तभी बन सकता है जब हम जन-प्रतिनिधि और भारत के सब लोग मिल-जुलकर संयुक्त प्रयास करें। देशवासियों की नज़रें हम जन-प्रतिनिधियों की ओर विशेष रूप से लगी हुई है।

महोदया, हमें यह अवसर इस बात के लिए नहीं मिला है कि इस विशेष सत्र में हम एक-दूसरे पर दोषारोपण करें बल्कि यह अवसर हमें इसलिए मिला है कि हम एक ऐसी कार्य-योजना तैयार करें, एक ऐसा नेशनल एजेंडा तैयार करें जिससे हमारा देश प्रगति और विकास के द्वार पर दस्तक दे सके और ऐसा तभी हो पाएगा जब हम मिल-जुलकर, कदम से कदम मिलाकर चलेंगे और हमारा देश आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र में प्रगति करे, इस बात को ध्यान में रखते हुए हम लोग मिल-जुलकर प्रयास करेंगे। महोदया, भोपाल, के एक शायर ने कहा है कि—

"मैं चाहता हूं कि निजामे-कोहन बदल डालूं,
मगर फ़कत ये मेरे बस की बात नहीं"।

महोदया, जब मैं यह कह रहा हूं कि हम सबको संयुक्त प्रयास करना होगा तो यह "मैं" पर लागू न हो कर "हम" पर लागू होता है, "मम" पर लागू न हो कर "वयम्" पर लागू होता है। इसके लिए हम सबको मिल-जुलकर प्रयास करना होगा। महोदया, पंडित नेहरू ने जब इंडियन कांस्टीट्यूशन को इंट्रोड्यूस किया था, उस समय उन्होंने जो कहा था, उसको मैं यहां उद्धृत करना चाहता हूं। उन्होंने कहा था कि—

"I trust that the Constitution itself will lead us to real freedom, food for starving people, clothing for them, housing for them and all manner of opportunities for progress."

महोदया, हमारे देश में गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या 36 प्रतिशत है। हम जब तक उनको सब्सिडाइज्ड रेट पर खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराएंगे, तब तक हम फूड फॉर ऑल की परिकल्पना को पूरा नहीं कर सकते हैं। हमारे देश में लगभग 31 मिलियन लोग ऐसे हैं जिनको मकानों की सुविधा उपलब्ध नहीं है। हम हाऊसिंग फॉर ऑल की परिकल्पना तब तक पूरी नहीं कर सकते जब तक कि हम इन्हें मकान उपलब्ध न करा दें। महोदया, जो टोटल लेबर फोर्स है, उसमें से केवल 37 प्रतिशत इम्प्लॉयेड है। जब तक हम इस देश के नौजवानों को बेरोजगारी से मुक्ति दिलाने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाएंगे तब तक यह परिकल्पना पूरी नहीं हो सकती है। हमारे यहां की जो प्रमुख समस्या है वह रोजी, रोटी, कपड़ा और मकान की है। हमारे देश की जो जनसंख्या है जैसा कि पूर्व वक्ताओं ने कहा, विश्व के देशों की जनसंख्या को जब हम लेते हैं तो वह नम्बर-2 स्थान पर आता है। तो इसके लिए हमें कई कठोर कदम उठाने पड़ेंगे और इसके मूल में जाना पड़ेगा कि जनसंख्या वृद्धि से जुड़ी हुई कौन-कौन सी बातें हैं

और जब हम उन बातों पर गौर करते हैं तो पाते हैं कि अशिक्षा इसका बहुत बड़ा कारण है। हमारे देश में निरक्षर लोगों का जो प्रतिशत है वह 52.2 प्रतिशत है। जब हम अपने देश के कुछ राज्यों की ओर गौर करते हैं कि वहां लिटरेसी का क्या रेट है? जब हम केरल की ओर जाते हैं तो वहां 90 प्रतिशत लोग शिक्षित हैं और वहां जो बर्थ रेट है वहां प्रति हजार प्रतिवर्ष लोगों पर केवल 17 है। तो इस प्रकार जनसंख्या का सीधा संबंध लिटरेसी से है इसलिए हमें लिटरेसी प्रोग्राम की तरफ ज्यादा ध्यान देना होगा। महोदया, हमारे देश की जो दूसरी समस्याएं हैं वह धर्मान्धता और साम्प्रदायिकता है। उसके मूल में भी हमें जाना पड़ेगा। लेकिन उससे पहले जब हम लोकतांत्रिक प्रणाली पर चर्चा कर रहे हैं तो हमें गौर करना होगा कि हमारे देश की राजनीति क्या चिंतन करती है। आज हालात यह है कि राजनीति सत्ता प्राप्ति का लक्ष्य बन गई है, राजनीतिकों का अवमूल्यन होता जा रहा है। जब हम स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन की बात करते हैं तो हम पाते हैं कि वह जमाना कुछ और था, जब इस देश के नेताओं के आह्वान पर लोग अपने प्राणों की बाजी लगा दिया करते थे। आज स्थिति यह है कि नेताओं के प्रति अविश्वसनीयता हो गई है। उसका कारण यह है कि नेता कहीं न कहीं, किसी न किसी रूप में स्वार्थों से जुड़े हुए हैं और वह स्वार्थ परक राजनीति कर रहे हैं। इसलिए लोगों की ऐसी मान्यता बन गई है। पहले इस मान्यता को दूर करना बहुत आवश्यक है तब हम लोगों के मन में विश्वसनीयता अर्जित कर पाएंगे। आज जो सत्ता कांक्षी है उनकी नजर वोट बैंक पर है और सत्ता कांक्षी जो होता है वह देश का समग्र चिन्तन नहीं कर सकता और इसलिए उसकी नजर हमेशा वोट बैंक पर पड़ी रहती है। तो जब हम लोकतांत्रिक प्रणाली पर चर्चा कर रहे हैं, देश की राजनीति पर चर्चा कर रहे हैं तो हम इस बात से अपने आपको दूर नहीं रख सकते कि आज जो देश की राजनीति सत्ता प्राप्ति के लिए हो गई है वह सेवा का साधन नहीं बन पाई। जो सत्ता में है वह सत्ता में बने रहना चाहता है, जो सत्ता से बाहर है वह सत्ता में आना चाहता है और इसी के लिए वोट बैंक की राजनीति चल रही है, इसी के लिए पैसेज देने की पोलिटिक्स चल रही है, इसी के लिए कुछ ऐसी समस्याएं जन्म ले रही हैं जिससे देशवासी बहुत परेशान हैं। जब लोगों के पास अपने वाहन चलाने के लिए नहीं होते हैं, जब लोगों के पास अपनी उपलब्धियां गिनाने के लिए नहीं होती हैं तब वह जाति का या धर्म का सहारा लिया करते हैं। और जब वह जाति और धर्म का सहारा लेते हैं तो इस देश में सांप्रदायिकता उभरती है, धर्मान्धता उभरती है। इसके लिए मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारे देश की नौजवान पीढ़ी, जिस पीढ़ी ने आजादी के बाद जन्म लिया है, उस पीढ़ी को धर्म और संस्कृति की सही व्याख्या बताई जाए।

उपसभापति: लड़े सात बजे डेढ़घण्टा करना है, आप कितनी देर बोलेंगे? Can you finish in five or ten minutes?

SHRI SURESH PACHOURI: No, Madam. I would like to continue.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Till what time?

SHRI S. JAIPAL REDDY: Mr. Pachouri, it is a matter of your choice. But I think your flow should not be broken. You can continue and complete.

उपसभापति: ठीक है, आप पांच-दस मिनट में बोल दीजिए।

श्री सुरेश पचौरी: महोदया, तो मैं यह कह रहा था कि जब हमारे देश में धर्मान्धता और साम्प्रदायिकता की बू आती है तो उससे मुक्ति दिलाने के लिए आवश्यकता इस बात की है कि हमारे देश की नौजवान पीढ़ी को धर्म और हमारे देश की संस्कृति की सही व्याख्या बताई जाए। जैसा कि कहा गया है "धारयते इति धर्मः" धर्म धारण करने योग्य। हमारे वेदों में कहा गया है कि "एकः मानुष जाति" यानी मनुष्य की जाति एक है। गुरूनानक देव साहब ने कहा है कि "अव्वल अल्लाह नूर उपाया कुदरत के सब बंदे।" महोदया, आज धर्म की सही व्याख्या करना आवश्यक है, हमारी संस्कृति की सही व्याख्या करना आवश्यक है। हमारे देश की नौजवान पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के बारे में बताने की आवश्यकता है। जब हमारे देश में स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन चल रहा था तो जिन लोगों ने आजादी दिलाने में भूमिका निभाई, वह कोई एक जाति या धर्म के लोग नहीं थे। जहां चन्द्र शेखर आजाद और भगत सिंह फांसी के फंदे पर चढ़े, वहीं अशफाक उल्लाह भी फांसी के तख्ते पर चढ़े। जब अशफाक उल्लाह गिरफ्तार कर लिये गये और जेल चले गये तो उन्हें कुछ लोगों ने सलाह दी कि वह जेल से भाग जाएं। तब उन्होंने कहा कि मैं ऐसी मिसाल पेश नहीं करना चाहता कि जब हिन्दुस्तान के स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन की चर्चा हो कि किसी हिन्दुस्तानी मुसलमान का इसमें कोई योगदान नहीं रहा। तो यह सारी बातें हैं जब हिन्दू धर्म की बात कही जाती है तो हमें उन अशफाक उल्लाह जैसे लोगों की याद आती है, तब हमें स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन की

याद आती है। इसलिए जब कुछ देश में अराजकता और अतिवाद फैलाने के लिए कोशिश की जाती है, सांप्रदायिकता को भड़काने की कोशिश की जाती है तो हमें उसके मूल कारणों में जाना पड़ता है कि आखिर यह सब किसलिए किया जाता है? महोदय, जब हम मूल कारणों में जाते हैं तो हम पाते हैं कि इसके पीछे सत्ता प्राप्ति की राजनीति है, वोटों की राजनीति है क्योंकि हमारे पास काम गिनाने के लिए कुछ नहीं होता है। महोदय, हमारे देश ने 50 सालों में बहुत सी उपलब्धियां अर्जित की हैं जिसके लिए हमें गर्व है, लेकिन जब हम इस लेखे-जोखे पर विचार कर रहे हैं कि हमने क्या खोया, क्या पाया तो हमें उन बातों की चर्चा करनी पड़ेगी कि आखिर वह कौन सा कारण है, कौन सी कमी है कि हम लोग वांछित लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर पाए। और उसमें सबसे बड़ा कारण यदि कोई है तो वह जनसंख्या वृद्धि है, जैसा कि मेरे पूर्व वक्ता ने कहा। मेरे पूर्व वक्ताओं ने प्रजातंत्र के बारे में भी कहा है। हमारे प्रजातंत्र की अनेक विशेषताएं हैं। भारत में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हमारे यहां चुनाव के बाद पांच को जो जनता है वह जो जनादेश देती है उसको शिरोधार्य किया जाता है। सत्ता का हस्तांतरण बड़ी आसानी से, बड़ी शांतिपूर्वक होता है और किसी भी प्रकार की आपाधापी नहीं मचती है। 1977 के बाद हमारे यहां 40 गठबन्धनों की सरकारें बनीं और जिस राष्ट्रपति शासन का जिक्र हमारे कुछ सदस्यों ने किया, जिस अनुच्छेद 356 का जिक्र हमारे सदस्यों ने किया तो 50 वर्षों में सौ से अधिक बार हमारे यहां राष्ट्रपति शासन लागू हो चुका है। जब धारा 356 की बात आती है तो हमारे यहां संविधान में कुछ व्यवस्थाएं हैं कि जब कानून और व्यवस्था बिगड़ जाये, जब जाति के नाम पर, कौम के नाम पर, भाषा के नाम पर, भाई को भाई से लड़ाने की कोशिश की जाये तब इन परिस्थितियों में धारा 356 का उपयोग किया जाता है। इसके दुरुपयोग की भी कुछ बातें हुई हैं। मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि कुछ राज्यों में धारा 356 का दुरुपयोग करके राष्ट्रपति शासन लागू किया गया तो उनमें मेरा प्रदेश मध्य प्रदेश भी शामिल था। मैं आपसे यह निवेदन कर रहा था कि अब गठबन्धन सरकार का समय आया है, लोग कोएलेशन गवर्नमेंट की बात कर रहे हैं, लेकिन कोएलेशन गवर्नमेंट में विभिन्न दलों के लोग रहा करते हैं और वे लोकप्रियता अर्जित करने के लिए गवर्नमेंट के अन्दर रहकर कुछ और बातें करते हैं, वे बाहर जनता के बीच में आकर के कुछ और बातें किया करते हैं। इससे एक तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है और एक कुट है सरकार कोई निर्णय लेती है तो इसका किसी भी स्तर से प्रदर्शन नहीं हो पाता है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि विभिन्न दल जो मिलकर गठबन्धन सरकार बनाये, पहले वह अपना एक साझा कार्यक्रम बनायें, वह कार्यक्रम एक निश्चित समय-सीमा के अन्दर पूरा हो, इसका वे आश्वासन दें। ऐसा किया जाना बहुत जरूरी है।

महोदय, लोगों की मांगें इस के साथ साथ बढ़ती चली हैं कि इस मौजूदा सेटअप के बाद क्या होगा। हमारे संविधान के मन में यह बात है कि हम सेटअप बनायें जिसमें अनिवार्य शिक्षा, चिकित्सा सुविधा, अच्छी परिवार नियोजन, महिलाओं और नौजवानों की सत्ता में भागीदारी, पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण मुक्त, शोषणमुक्त विकास, वैज्ञानिकों का समुचित उपयोग खुशहाल ग्रामवासी के रूप में, मजदूरों और कर्मचारियों को उचित प्रोत्साहन, लोगों को पीने का पानी सुलभ साधन आदि शामिल हों। आज भी हमारे देश में 97 हजार गांव ऐसे हैं जहां पर पीने का पानी सुलभ नहीं है या दूर है। जहां तक वैज्ञानिक प्रयोग, किसानों की खेती की दिशा बदलने, पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, सुनिश्चित सिंचाई सुविधा, ऊंचाई-नीचाई भिन्न और एक्सिलिब्रेटिंग सिंचाई की व्यवस्था स्थापित करने की बात हमारे यहां व्यवस्थाएं हैं नहीं है। हमारे यहां जो शिक्षा व्यवस्था है वह बेरोजगारी दूर करने की नई शिक्षा व्यवस्था है। जिन लोगों ने इस देश को गुलाम बनाये रखने का राजनीतिक षड्यंत्र किया, वह ऐसी शिक्षा व्यवस्था कभी नहीं दे सकते थे इस आजाद भारत के नौजवानों को सुशिक्षित कर सके।

महोदय, जो कुछ जरूरी तैयारी करनी है उसके लिए जरूरी है कि हमारी सेटअप सशक्त हो। जैसे मण्डल आयोग की सिफारिशों को लागू किया गया उस समय भी मैंने कहा था। तब कुछ देश का नौजवान आग की लपटों में झोंक दिया। उसकी वजह यह थी कि उन्होंने जो सही सिफारिश की उसके पीछे मौजूद ताकत थी।

महोदय, जब यह बात आती है कि राजनीतिज्ञों का अवमूल्यन हो रहा है, उनमें कार्यक्षमता और ईमानदारी नहीं है तो हमें हमारे देश के कुछ महान नेता याद आते हैं। श्रीमती इन्दिरा गांधी याद आती हैं जब उनकी स्व. संजय गांधी का शव आल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मेडीकल साइंस में रखा हुआ था तब उनके मन को एक राष्ट्रीय समस्या उद्वेलित कर रही थी और जिसके बारे में उन्होंने चन्द्रशेखर जी से बातें की थीं। जब ईमानदारी की बात आती है तब हमें झाबुआ राजेन्द्र प्रसाद याद आते हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और उसके बाद महामहिम राष्ट्रपति रहे। इसके बाद जब वे पटना पहुंचे तो वे विद्यापीठ के एक कमरे में रहे। जब

सिद्धान्तों और मूल्यों की बात आती है, सत्य-निष्ठा की बात आती है तो हमें गौरवमय अतीत सदैव याद आता है। जब सर्विसेज की बात आती है तो हमें लाल बहादुर शास्त्री याद आते हैं। दुर्भाग्यवश यह देखी नहीं है कि हमारे यहां जो नेता रहे उनकी कोई विचारधारा नहीं रही, डेडिकेशन नहीं रही लेकिन हमको इन नेताओं से सीखना तो भी जरूरत है। आज जो सर्विसेज एसोसिएशन के आगे हुए लोगों के बारे में हमें याद आती है उन्हें भुलाने की जरूरत है। यह एक देश अवश्य है कि इस उनके बारे में विचार मंथन करें। कुछ दो बात और अवश्य मैं अपनी बात खत्म करूंगा।

हमें इस सत्य की भूमिका पर भी गौर करना पड़ेगा। जो पहली लोक सभा की बैठकें हुई उसने जिस तरह से सदन था वह 3,783 घंटे का था, लेकिन जो दसवीं लोक सभा बैठी उसने जिस तरह सदन बैठकर 2,520 घंटे का था। इसका मतलब यह है कि जब हम लोकतांत्रिक प्रणाली की बात कर रहे हैं तो हमने संसदीय प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ की, ऐसा क्यों हुआ? जीत हमें हमारा सत्य सदन में जो संसदीय अवधारणाएं थी वहीं है, जो व्यवहार अपनाया था वह है उसकी ओर भी पूर्व व्यवस्थाओं ने ध्यान खींचा है। मैं उसकी पुनरावृत्ति नहीं करना चाहूंगा लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि यह सत्य सत्य बेहतर विधायी कार्यों को पूरा करने वाला है बेहतर न हो जाए, इस बात की चर्चा करने की आवश्यकता है। हमारे सत्य सत्र न तो अवधियों सीमित की तरह प्रतिबद्धतापूर्ण है और न सदन व्यर्थ कार्यों की तरह अधिवेशन-विहीन है। यह बिल सत्र में सदन चलाने की अवधारणाओं के अनुरूप खरा उतर सके, इसके लिए सदन काम कर सके; इस पर विचार करने की आवश्यकता है। मुझे विश्वास है जब इस एक्सरसाइज होकर रहेगी तो उसके बारे में भी हमें दिशा-निर्देशन मिलेगा। मैं आखिरी जो बात कहना चाहता हूं वह इस देश की ब्यूरोक्रेसी के बारे में है, ब्यूरोक्रेसी के बारे में है। हमारे पूर्ववक्ताओं ने बहुत कुछ कहा है कि ब्यूरोक्रेसी, ब्यूरोक्रेसी और विधायिका में समन्वय होना चाहिये, तालमेल होना चाहिये। हमने अपने संविधान में 80 संशोधन किए हैं और वे सारे के सारे संशोधन समय और परिस्थितियों के अनुसार किये गये हैं। लेकिन ऐसी क्या वजह है कि ब्यूरोक्रेसी ज्यों की त्यों है, उसका सिस्टम बरकरार है? हम जिस व्यवस्था से काम ले रहे हैं, इसमें आमूलचूल परिवर्तन क्यों नहीं करना चाहते हैं? इसके लिए जरूरी है कि हम एडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्म लाएं, नौकरशाह, तानाशाह न बन जाएं। वे जनता के सिटमतगार बनें, ऐसा माहौल बनाएं। इसके लिए हमें ब्यूरोक्रेटिक पैटर्न में कुछ तब्दीली लानी पड़ेगी। पं० नेहरू ने कहा था:

> "Administration is meant to achieve something, not to exist in some kind of an ivory tower, following certain rules of procedures and narcissus like looking on itself with complete satisfaction. The test overall, is the human being and their welfare.

जब हम ब्यूरोक्रेसी की बात करते हैं तो यहां ब्यूरोक्रेसी के बारे में यह धारणा बन गई है कि उसका एक्सप्लॉयटेशन हो रहा है एम्प्लॉयीज के साथ जो नहीं हमारे में कहीं है, उसके साथ डायलॉग कैसा होता है अपने व्यवहार को इस तरह के लिए। इस चीज के लोगों को शिकायत ही नहीं है जिस चीज के वे हकदार हैं। विधायक से ब्यूरोक्रेसी का एक्सप्लॉयटेशन और एक्सिलेशन हो गया है उसको दुरुस्त करने के लिए भी हमें व्यापक कदम उठाना पड़ेगा। ब्यूरोक्रेट्स एडमिनिस्ट्रेशन के एक में अपनी भूमिका अदा कर सकें, इसके बारे में हमको कुछ कदम उठाने पड़ेंगे। हमारे देश के अंदर और दुनिया भर में जो आर्थिकवादी परिवर्तन हो रहे हैं ये बहुत विचारणीय है।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Pachouri, you have taken more time. Please conclude now.

श्री सुरेश पचौरी: मैं केवल एक मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा।

हमारे देश के जो राष्ट्रपति, हमारे देश के जो महान राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद और डॉ० राधाकृष्णन, डॉक्टर जाकिर हुसैन, वी० वी० गिरी और डॉ० शंकर दयाल शर्मा के विचार हुए। जब इस सेशनल प्रणाली पर चर्चा कर रहे हैं तो हमें इस बात पर भी गौर करना होगा कि विदेशों में जो परिपाटियां चली आती हैं, उन पर हम कैसे अंकुश लगायें, विदेशों से आने वाले आर्थिकवादी चुनौतियों को हम कैसे रोकें ताकि आर्थिकवाद के विचार हमारे महान देश न हो सकें। परिणाम, यदि हमने इन चीजों पर गंभीरता से विचार किया और हम लोगों ने सत्र-दिन को सार्थकता प्रदान अपने कार्यों का ईमानदारी से पालन किया तो निश्चित रूप से हमारा देश प्रगति और विकास के पथ पर दस्तक देगा और हम उपलब्धि हासिल करते चलेंगे। मुझे विश्वास है कि जब हम अपने देश की आजादी की पचासवीं वर्ष गांठ मना रहे हैं और इस सेशनल सेशन में हमने क्या खोया, क्या पाया और हमें क्या पाना है, हमें अपने लक्ष्य को कैसे प्राप्त करना है, अपने उद्देश्य को

कैसे प्राप्त करना है, इस चर्चा द्वारा हम इस नतीजे पर पहुंच रहे हैं कि इसके लिए सब को संयुक्त प्रयास करना है तो निश्चित रूप से इस अवसर का सदुपयोग कर सकेंगे, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है।

एक शायर की दो पंक्तियों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं:

"अपनी आजादी को हरगिज और बरबाद न कर,
अब हमारा हर कदम आगे ही बढ़ना चाहिए।"

धन्यवाद

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, I think, we should adjourn the House till 11'0 clock tomorrow. Before I do that, I must announce, that those names which are here and who could not speak today will speak tomorrow. Please do not add too many names because we will have the same thing and we will have to sit on Sunday also...(*Interruptions*)...

SHRI S. JAIPAL REDDY: Madam, we will not add too many names.

SHRI S.S. AHLUWALIA: I would like to inform the Chair that more hon. Members wanted to speak. So, tomorrow we can reduce the time-limit but we have to add some names.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You can add names. But...(*Interruptions*)...

SHRI S.S. AHLUWALIA: We can put a time-limit.

THE DEPUTY CHAIRMAN: The unfortunate part is, some parties gave twenty names. The Congress Party's time is still left. Twenty names are given by some parties and one or two people take all the time. It has to be decided.

SHRI S.S. AHLUWALIA: Madam, everybody has gone.

THE DEPUTY CHAIRMAN: If one party takes all the time then we does not have the time.

SHRI M.A. BABY: Madam, our House was adjourning, roughly by 7.30 PM or 8.30 PM and yesterday, we sat upto 9'0 clock. Tomorrow, if necessary, we will sit a little longer. We cannot disappoint the hon. Members.

SHRI S.S. AHLUWALIA: But, we must tell the leaders also to tell their Members to sit till late night.

SHRI M.A. BABY: Madam, if necessary, we will sit till late night.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I do not mind sitting today. But the main thing, Mr. Baby, is, we have, when we are talking about the parliamentary democracy—this is also a part of the parliamentary democracy—to restrain ourselves in our speeches, to abide by the time. Otherwise, I know, many hon. Members whose time should have been here are not able to speak because others who had no time spoke. We are depriving our colleagues of thier rightful time. Let us have some understanding. I know that some leaders come and speak for one hour or one-and-a-half hours...(*Interruptions*)...

SHRI M.P. ABDUSSAMAD SAMADANI (Kerala): Madam, especially the major parties.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have full sympathy for you.

SHRI M.P. ABDUSSAMAD SAMADANI: Major parties are taking away all the time.

THE DEPUTY CHAIRMAN: No. Minors also do some major mistakes. It is not always that the majors do some minor mistakes. The House is adjourned till 11'0 clock tomorrow.

The House then adjourned at fortynine minutes past seven of the clock till eleven of the clock on Saturday, the 30th August, 1997.